# प्रस्ताव प्रतिलिपि प्रपत्र

## कार्यालय ग्राम पंचायत ....श्रांदल....

### विकास खण्ड सलूणी, जिला चम्बा (हि०प्र०)

क्रमांक ....07....

दिनांक ....27-02-2016....

1. प्रतिलिपि प्रस्ताव संख्या : 07 (सात)
2. बैठक : ग्राम पंचायत / ग्राम सभा
3. अध्यक्षता : प्रधान श्री मु० याकूब
4. उपस्थिति : 309/745.
5. दिनांक : 27-02-2016.

विषय :– FHS/SHEP/SUIL-IV जल विद्युत परियोजना सियुल नदी पर 04 मैगावाट का पावर प्रोजैक्ट बनाने के लिए M/S Friends Him Energies को पंचायत/ग्राम सभा की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र देने पर विचार :→

यह कि अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव रखा कि पंचायत के अन्तर्गत सियुल नदी FHS/SHEP/Suil-IV संघणी/जनाड़ी नामक स्थान पर पावर प्रोजैक्ट बनाने हेतु उक्त कम्पनी द्वारा पंचायत/ग्राम सभा की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। ग्राम सभा विचार करे अत: ग्राम सभा ने कम्पनी के समक्ष निर्माण कार्य सम्बंधी कुछ शर्तें रखी और कहा कि अगर कम्पनी निम्न शर्तों को स्वीकार करती है तो इस पावर प्रोजैक्ट के निर्माण पर पंचायत/ग्राम सभा को कोई भी आपत्ति नहीं है। अत: कम्पनी कार्य शुरू कर सकती है। पंचायत/ग्राम सभा द्वारा रखी जाने वाली शर्तें निम्न प्रकार से है!

(1) जब कम्पनी काम शुरू करेगी ग्राम पंचायत ज्ञात के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर कम्पनी में लगाएगी

(2) कम्पनी में काम करने वाले कम से कम 070% लोग इसी पंचायत से सम्बन्धित होंगे। जैसा कि सरकार के समझौता पत्र में दर्शाया गया है।

Secretary
(P. Bhanda)
...Block Salooni

प्रमाणित किया जाता है कि यह नकल असल कार्यवाही रजिस्टर मुताबिक सही नकल है।

दिनांक ....

# प्रस्ताव प्रतिलिपि प्रपत्र

## कार्यालय ग्राम पंचायत ......साँदल......

### विकास खण्ड सलूणी, जिला चम्बा (हि०प्र०)

②

क्रमांक ....07....  दिनांक ....27-02-016....

1. प्रतिलिपि प्रस्ताव संख्या : 07
2. बैठक : ग्राम पंचायत / ग्राम सभा ✓
3. अध्यक्षता : प्रधान श्री सु० चाकुल
4. उपस्थिति : 309 | 745.
5. दिनांक : 27-02-016.

विषय :–

(3.) प्रोजेक्ट के काम में ग्राम पंचायत साँदल के लोगों को हर प्रशिक्षित / अप्रशिक्षित सक्षम कार्य क्षेत्र में प्राथमिकता दी जायेगी जैसे प्रशिक्षित डिप्लोमा धारक मजदूर, इंजीनियर, ड्राईवर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशन, कम्प्यूटर स्टोर मैन, सुपरवाईजर, चौकीदार इत्यादि जो भी ग्राम पंचायत में उपलब्ध होंगे उन्हें प्राथमिकता के आधार पर रखे जायेंगे।

(4) प्रोजेक्ट के काम में ग्राम पंचायत साँदल में माल वाहन गाड़ियां जैसे टिप्पर, टैक्टर, पिक अप इत्यादि पंचायत में उपलब्ध गाड़ियों को प्राथमिकता के आधार पर कम्पनी में लगाया जाएगा।

(5) प्रोजेक्ट के काम में अगर किसी की निजी भूमि अथवा घराट, वावड़ी, नौण को नुकसान पहुंचता है तो उन्हें एक माह के भीतर - भीतर उसका समाधान या उचित मुआवजा कम्पनी को देना होगा।

• कम्पनी ग्राम पंचायत में कोई ऐसा विकासात्मक कार्य ~~करेगी~~ करवायेगी जो कि आगामी वर्षों के लिए यादगार बन कर रहेगी इसके अलावा पंचायत में विकास के लिए कम्पनी द्वारा पूरी लागत का एक प्रतिशत धन पंचायत के विकास कार्यों के लिए खर्च करेगी।

ग्राम पंचायत ने पास किया कि अगर कम्पनी उक्त शर्तों को स्वीकार करती है तो ग्राम सभा को निर्माण कार्य शुरू करने पर कोई भी आपत्ति नहीं है। ग्राम सभा ने यह भी पास किया कि अगर कम्पनी उक्त शर्तों को नहीं मानती उक्त शर्तों पर खरा नहीं उतरती तो ग्राम सभा उक्त प्रस्ताव को अन्य ग्राम सभा प्रस्ताव द्वारा रद्द करने में भी सक्षम होगी। अतः ग्राम सभा ने यह भी पास किया कि इस प्रस्ताव कि प्रतिलिपि श्री मान प्रबन्धक M/S Friends Him Energies. FHE/SHEP/ Kul-IV संघणी / सलूणी की सेवा में उचित कार्यवाही हेतु भेजी जावे।

हस्ताक्षर [signature] 27/2/016

Secretary
G. P. Bhandal
Dev. Block Saloon

प्रमाणित किया जाता है कि यह नकल असल कार्यवाही रजिस्टर मुताबिक सही नकल है।